गुरुवार
16 नवंबर 2023

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

सड़क दुर्घटना में छत्तीसगढ़ की महिला डांसर की मौत, दो जख्मी 2

शतकों के शिखर पर विराट, तोड़ा सचिन के 49 वनडे शतक का महारिकॉर्ड

एजेंसी/मुंबई

विराट कोहली ने सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों के महारिकॉर्ड को तोड़ दिया है। किंग कोहली अब शतकों का अर्धशतक बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन चुके हैं। विराट ने वर्ल्ड कप 2023 के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 117 रन की पारी के दौरान कई कीर्तिमान स्थापित किए। किंग कोहली ने 291 मैच की 279वीं पारी में 50वां शतक पूरा किया जबकि सचिन को यहां तक पहुंचने के लिए 452 पारियां लगी थीं। विराट ने चंद दिन पहले ही अपने 35वें जन्मदिन पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ 49वां शतक लगाकर सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। अब 50वां शतक पूरा करने में उन्हें सिर्फ 10 दिन और लगे जबकि सचिन को 48 से 49 के आंकड़े तक पहुंचने में 365 दिन लग गए थे।

विराट ने इसके साथ ही एक अन्य रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। अब वह वर्ल्ड कप के एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन (711) बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। यहां भी उन्होंने सचिन तेंदुलकर के 20 साल पुराने रिकॉर्ड को धराशायी किया, 'क्रिकेट के भगवान' ने 2003 वर्ल्ड कप में 673 रन बनाए थे। वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबले में अब सचिन के नाम बेस्ट स्कोर हो चुका है, इससे पहले उनका बेस्ट स्कोर 2011 के वर्ल्ड कप फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ आया था, जब उन्होंने 43 बॉल पर 35 रन बनाए थे।

न्यूजीलैंड को हरा भारत वर्ल्ड कप के फाइनल में

मुंबई। टीम इंडिया ने 12 साल का इंतजार खत्म करते हुए वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में जगह बना ली है। मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में भारत ने पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 70 रनों से हराते हुए शान से फाइनल में एंट्री मारी। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में 397 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की पूरी टीम 327 रनों पर धराशायी हो गई। भारत की ओर से मो. शमी ने सात विकेट झटके। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

नई दिल्ली दरभंगा स्पेशल ट्रेन में लगी भीषण आग, बची जान

एजेंसी/इटावा

उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में बुधवार को एक बड़ा ट्रेन हादसा होते-होते बच गया। दरअसल, दरभंगा क्लोन स्पेशल ट्रेन गाड़ी नंबर-02570 नई दिल्ली से दरभंगा बिहार की तरफ जा रही थी। ट्रेन जब इटावा के सराय भूपत इलाके से गुजर रही थी, तभी ट्रेन में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने तीन बोगियों को अपनी चपेट में ले लिया और धू-धू कर बोगियां जलने लगीं। रेलवे के मुताबिक, ट्रेन में आग किन वजहों से लगी, यह पता नहीं चल पाया है। जब बोगियों से धुआं निकल रहा था, तभी सभी यात्रियों को सुरक्षित ट्रेन से उतार लिया गया था। एक भी यात्री घायल नहीं हुआ है। सभी सुरक्षित हैं। ट्रेन में आग किन कारणों से लगी इसकी जांच की जा रही है।

हादसे में बाल-बाल बच गए सभी यात्री

बुधवार दोपहर सवा 12 बजे के करीब दरभंगा क्लोन स्पेशल ट्रेन गाड़ी नंबर-02570 नई दिल्ली से दरभंगा बिहार जाने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। जब यह ट्रेन उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के सराय भूपत इलाके से गुजर रही थी, तभी ट्रेन की एक बोगी से धुआं निकलने लगा। धुआं निकलता देख ड्राइवर ने तुरंत ट्रेन रोक दी और इटावा स्टेशन पर इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही आनन-फानन में जीआरपी, आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। हालांकि तब तक सभी यात्री ट्रेन से बाहर निकल चुके थे। आग की लपटों ने देखते ही देखते तीन बोगियों को अपनी चपेट में ले लिया। तीनों बोगियां पूरी तरह से जलकर राख हो गईं।

जम्मू के डोडा जिले के बग्गर इलाके की घटना, 17 घायल

जम्मू में 300 फीट गहरी खाई में गिरी बस, 38 लोगों की मौत

- किश्तवाड़ से जम्मू की ओर जाने के दौरान हुआ हादसा
- इस मार्ग पर तीन बसें एक साथ चल रही थीं, एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में हुआ यह बड़ा हादसा

एजेंसी/नई दिल्ली

जम्मू के डोडा जिले के बग्गर इलाके के त्रांगल में बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे एक बस अनियंत्रित होकर 300 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना जोरदार हुआ कि बस में सवार 55 यात्रियों में से 38 की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल 17 यात्रियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बस किश्तवाड़ से जम्मू की ओर जा रही थी। हादसे का पता चलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। घायलों को इलाज के लिए जीएमसी डोडा ले जाया जा गया है। इनमें से भी कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। ऐसे में मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। दो घायलों की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जीएमसी जम्मू के लिए रेफर किया गया, लेकिन उनकी रास्ते में ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बटोत-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर त्रुंगल-अस्सार के पास बस अनियंत्रित होकर 300 फीट खाई में गिर गई।

पुलिस ने बताया कि शुरूआती जानकारी में पता चला है कि इस मार्ग पर तीन बसें एक साथ चल रही थी और एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में यह बड़ा हादसा हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे में मारे गए 38 लोगों में से अभी तक 21 लोगों की पहचान हो पाई है। डोडा जिला प्रशासन ने सहायता के लिए नंबर जारी किया है। घटना के संबंध में इन पर संपर्क किया जा सकता है।

01996233337 (डीसी कार्यालय डोडा)
01996233465 (एएच जीएमसी डोडा)
18001807122 (टोल फ्री नंबर)
9906320997, 9596776203 (नियंत्रण कक्ष)

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराज्यपाल ने हादसे पर जताया दुख

देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डोडा बस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने कहा, जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक बस दुर्घटना में कई यात्रियों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

पीएम मोदी ने की मृतक के परिजन को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा: पीएम मोदी ने एक्स पर कहा, जम्मू-कश्मीर के डोडा में बस दुर्घटना दुखद है। उन परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। उन्होंने घोषणा करते हुए कि प्रत्येक मृतक के परिजन को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और प्रत्येक घायल को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

गृहमंत्री बोले... बहुत दु:खद

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, जम्मू-कश्मीर के डोडा में एक दुखद बस दुर्घटना के कारण बहुमूल्य जिंदगियों के नुकसान के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। स्थानीय प्रशासन बचाव अभियान चला रहा है। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। मृतक और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूं।

जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा, बस दुर्घटना में लोगों की मौत से बेहद दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं और दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रभावितों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है।

भागलपुर-जयनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस में ब्लास्ट, तीन घायल

पटना। भागलपुर से जयनगर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस के सामान्य बोगी में बुधवार दोपहर ब्लास्ट हो गया। इससे एक बैग में आग लग गई। इसमें एक महिला उनका पुत्र समेत तीन जख्मी हो गए। बोगी में सवार यात्रियों ने तत्काल चेन पुलिंग कर आग लगी बैग को ट्रेन से बाहर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेल थाना की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। बोगी में सवार यात्रियों ने तत्काल चेन पुलिंग कर आग लगी बैग को ट्रेन से बाहर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेल थाना की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। आग लगने की घटना में एक महिला यात्री रानी देवी और उनके पुत्र शुभम समेत बैग ढ़ाने वाले यात्री को भी जख्म आया।

सहारा इंडिया ग्रुप के प्रमुख सुब्रत रॉय का मुंबई में निधन

मुंबई। सहारा इंडिया ग्रुप के प्रमुख सुब्रत रॉय का मंगलवार देर रात मुंबई के कोकिला बेन अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। 75 साल के सुब्रत रॉय देश के प्रमुख कारोबारी और सहारा इंडिया के फाउंडर थे। सुब्रत रॉय का जन्म 10 जून 1948 को बिहार के अररिया में हुआ था. उन्होंने गोरखपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद बिजनेस की शुरूआत गोरखपुर से ही की थी। सहारा ग्रुप मीडिया, रियल एस्टेट, फाइनेंस सहित कई सेक्टर में काम करती हैं। सुब्रत रॉय के निधन पर सहारा ग्रुप ने बयान जारी कर कहा कि सुब्रत रॉय सहारा का कार्डियो अरेस्ट के बाद मंगलवार रात 10.30 बजे निधन हो गया। वह हाइपरटेंशन और डायबिटीज जैसी बीमारियों से जूझ रहे थे।

सूर्यपूरा में पूर्व मुखिया प्रत्याशी की हत्या कर भाग रहे अपराधियों को ग्रामीणों ने पीट-पीटकर मार डाला

केटी न्यूज/सासाराम

बिहार के रोहतास जिले में बुधवार की सुबह पूर्व मुखिया प्रत्याशी की हत्या करने के बाद भाग रहे दो बदमाशों को ग्रामीणों ने पीट-पीटकर मार डाला। वहीं तीसरे बदमाश की हालत गंभीर है जिसका इलाज चल रहा है। घटना को अंजाम देने के लिए बाइक से तीन बदमाश पहुंचे थे। बदमाश दिनदहाड़े पूर्व मुखिया प्रत्याशी और सेवानिवृत्त सैनिक विजेंद्र यादव की हत्या करके भाग रहे थे। गोली मारकर भागते समय बदमाशों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। घटना सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के कल्याणी गांव के पास की है। घटना सुबह दस बजे के आसपास की बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

इधर हत्या को लेकर अभी स्पष्ट बात सामने नहीं आई है कि विजेंद्र सिंह को बदमाशों ने गोली क्यों मारी है। इस मामले में जख्मी बदमाश से पूछताछ और विजेंद्र सिंह के परिजनों से जानकारी लेने के बाद मामला साफ होगा। घटना के बाद लोग आक्रोशित हैं। जानकारी के अनुसार विजेंद्र सिंह अपनी जमीन पर घर बनवा रहे थे। इसी

दौरान सुबह बाइक सवार बदमाश पहुंचे और उन्हें गोली मार दी। गांव में तनाव के माहौल को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। जांच के बाद घटना का स्पष्ट कारण सामने आ सकेगा।

जानकारी के अनुसार भागने के क्रम में बदमाशों गांव में फायरिंग की थी। लेकिन यहां भीड़ ने पलट कर उन पर ही हमला बोल दिया। इसके बाद दो बदमाश भीड़ के हत्थे चढ़ गए। इसके बाद भीड़ ने पत्थर से कुचल कर दो हत्यारों को मौके पर ही मार डाला।



पीएम मोदी ने बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी जन्मस्थली उलिहातू का किया दौरा

पीएम जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान की शुरुआत

केटी न्यूज/रांची

स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के खूंटी जिले में उनकी जन्मस्थली उलिहातू का दौरा किया और उनकी जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उनकी जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। उलिहातू का दौरा करने वाले पहले प्रधानमंत्री मोदी का स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। यात्रा के दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और

केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद रहे। बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मोदी ने स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद किया। इसके बाद उन्होंने आदिवासी किंवदंती के वंशजों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने बिरसा मुंडा के जन्मस्थान की मिट्टी को पवित्र बताते हुए उससे तिलक भी लगाया। पीएम मोदी झारखंड के उस गांव में पहुंचे जहां आज तक देश का कोई प्रधानमंत्री नहीं पहुंचा था। ये ऐतिहासिक मौका है कि अमर शहीद बिरसा मुंडा के गांव में देश के कोई प्रधानमंत्री आए हैं।

खूंटी की धरती से बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को कई योजनाओं की सौगात दी। 49000 करोड़ की सौगात वाली इस योजना में 24000 करोड़ की राशि से पीएम जनमन आदिवासी महाअभियान न्याय योजना की शुरूआत की गई। इसके अलावा 18000 करोड़ रुपए की राशि से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 15वीं किस्त जारी की गई, वहीं 7200 करोड़ की योजना से झारखंड के लिए कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया। इस मौके पर पीएम मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विलुप्त होती 75 आदिम जनजातीय समाज को योजनाओं से मजबूत बनाकर मुख्य धारा में लाने का रखा लक्ष्य। उन्होंने 2 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा। वहीं 2047 तक देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया गया।

दीपावली की रात से लापता क्रेन चालक का झाड़ी में मिला शव

- चांदी थाना क्षेत्र के फरहंगपुर गांव की घटना
- भाई बोला: घर से बुलाकर ले जाने को बाद खिला-पिलाकर की गयी हत्या, साक्ष्य मिटाने को शव झाड़ी में फेंका

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के फरहंगपुर गांव से दीपावली की रात से लापता चालक का शव बरामद किया गया। शव बुधवार को फरहंगपुर बांध के समीप झाड़ी में क्षत विक्षत हालत में पड़ा था। उसके मुंह से खून निकल रहा था और शरीर का कुछ हिस्सा गल गया था। उससे बदबू आ रही थी। मृतक फरहंगपुर निवासी रामावतार चौधरी का 28 वर्षीय पुत्र कुंदन चौधरी था। परिजनों की ओर से गांव के ही कुछ लोगों पर घर से बुलाकर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया जा रहा है। परिजनों द्वारा डॉग स्क्वायड को बुलाने की मांग को लेकर शव उठाने और पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया गया था। उस कारण काफी देर तक शव पड़ा रहा। बाद में पुलिस के समझाने पर परिजन पोस्टमार्टम के तैयार हुए। हालांकि हत्या का कारण नहीं बताया जा रहा है।

इधर, पुलिस की ओर से परिजनों की शिकायत पर गांव के तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। तीनों से पूछताछ की जा रही है। हालांकि पुलिस शुरूआती जांच में नशे के कारण मौत होने की आशंका जता रही है। बताया जा रहा है कि चालक दीपावली की रात लापता हो गया था। उसके बाद परिजनों द्वारा खोजबीन शुरू की गयी, लेकिन कुछ सुराग नहीं मिला। उसे लेकर सोमवार को थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी गयी। पुलिस और परिजनों द्वारा खोजबीन की ही जा रही थी कि बुधवार की सुबह झाड़ी से उसका शव बरामद कर लिया गया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष सौरभ कुमार पहुंचे और अपने स्तर से छानबीन की। उसके बाद चालक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्धों को हिरासत में भी लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि चालक के परिजनों की ओर से हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि शव से किसी तरह का कोई निशान नहीं मिला है। हत्या का कारण भी नहीं बताया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। तीनों संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

आरोपितों द्वारा पूर्व में दी गयी थी धमकी: चालक के भाई अरुण कुमार ने बताया कि उसका भाई गुजरात में क्रेन चलाता था। वह कुछ रोज पहले ही गांव आया था। गांव के ही सोहन चौधरी उर्फ हरिद्वार, जीतेंद्र चौधरी उर्फ बनरा और राहुल सहित नामक युवक स्मैक का सेवन करते हैं। दीपावली की रात उन लोगों द्वारा उसके भाई को बुलाकर ले जाया गया था। उसके बाद उसका भाई घर नहीं लौटा, तो उसकी खोजबीन शुरू की गयी, लेकिन कुछ पता नहीं चला। तब उन लड़कों से गये पूछताछ की गयी, लेकिन उनके द्वारा संतोष जनक जबाव नहीं दिया गया। अभी खोजबीन ही की जा रही है थी कि बुधवार को उसके भाई का शव मिल गया। अरुण कुमार द्वारा अपने भाई को घर से बुलाकर ले जाने के बाद शराब पिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। उसका कहना है कि हत्या करने के बाद उसके भाई के शव को झाड़ी में फेंक दिया गया। उसका कहना है कि आरोपितों द्वारा पूर्व में धमकी भी दी गयी थी।

एक नजर

सनातन धर्म सभी को सहिष्णुता का संदेश देता है, यह शांति का संदेश देता है: विजय सिन्हा

जहानाबाद। प्रखंड क्षेत्र के छोटकी अकौना गांव में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में पहुंचे बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता विजय सिन्हा ने श्रद्धालुओं से कहा कि अभी संक्रांति काल है, जिसमें कुछ लोग भ्रम में हैं। बहुत सारे लोग दुनिया में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि भगवान राम थे या नहीं, मां सीता थी या नहीं, कृष्ण अवतार लिए या नहीं, कंस थे या नहीं। यह सारे सवालों पर जो सवाल उठाते हैं उन्हें पता होना चाहिए यह महापुरुष सनातन परंपरा का मूल आधार है। कुछ बौद्धिक दिवालिया के शिकार लोग परिचर्चा में ला रहे। उन्होंने कहा कि इस ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में जो सनातन के प्रति समर्पण देखने को मिल रहा है, यह उन लोगों के लिए संदेश है। जिनके मस्तिक बंद हो गए हैं। जिनके कपाट बंद है। उन्हें इन लोगों से प्रेरणा लेनी चाहिए। यहां के लोग कोई एक दो कट्ठा अपनी जमीन देकर अपनी जमीन पर भव्य धार्मिक अनुष्ठान कराने का जो समर्पण दिखाया है वह काबिले तारीफ है। सनातन धर्म सभी को सहिष्णुता का संदेश देता है। सनातन शांति का संदेश देता है। देश में सिख, इसाई क्रिश्चियन, इस्लाम भी सनातन का सम्मान करता है। सनातन के मूल्य को समझने की कोशिश करने की आवश्यकता है। इस मौके पर गोह के पूर्व विधायक मनोज शर्मा अरवल के पूर्व विधायक चितरंजन कुमार भाजपा नेता अजेंद्र शर्मा प्रिंस पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे

भाइयों के माथों पर तिलक कर बहनों ने की दीर्घायु की कामना, उल्लास संग मनाया त्योहार

औरंगाबाद। गोह में बुधवार को भैया दूज का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। भाइयों के माथों पर तिलक कर बहनों ने दीर्घायु की कामना की। बहनों को आकर्षक उपहार दिए गए। सुबह से ही बाजारों में भीड़ उमड़ गई थी। बहनों ने अपनी भाई के दिघार्यु को लेकर उपवास करते हुए विधि विधान से पूजा अर्चना कर गोधन कूटने की परंपराओं को निभाया।

खबरें फटाफट

शौच करने निकले किसान की नहर में डूबने से मौत

आरा। जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा गांव में बुधवार की सुबह नहर में डूबने से एक किसान की मौत हो गई। शौच करने गये किसान पैर फिसलने से नहर में गिर पड़े थे। मृतक बिहटा गांव निवासी स्व. हीरा सिंह के 57 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र सिंह थे। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उनके भतीजे विवेक कुमार सिंह उर्फ भोलू सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह वह शौच करने के लिए ही गांव में ही स्थित बस स्टैंड के किनारे नाहर के पास गए थे। वहां पैर फिसलने के कारण वह नहर में गिरकर डूब गए। उससे उनकी मौत हो गयी। कुछ देर बाद स्थानीय लोगों की ओर से घटना की सूचना मिली। उसके बाद वह लोग पहुंचे और उन्हें नहर से निकाला गया। बताया जा रहा है कि किसान दो भाई और एक बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी गीता देवी, पुत्र गोविंद कुमार, कुणाल कुमार और पुत्री सोनम कुमारी है। हादसे के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी गीता देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

अश्लील गाना बजाने को लेकर मारपीट, पांच घायल

औरंगाबाद मदनपुर। मूर्ति विसर्जन में अश्लील गाना बजाने से मना करने पर मारपीट के मामले में पांच लोग घायल हो गए। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के ओरडीहा गांव की है। घायलों में संतोष कुमार चौधरी, तारामंती देवी, राहुल चौधरी सहित अन्य लोग शामिल हैं। इस दौरान जहां संतोष कुमार चौधरी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर ले जाया गया। वहीं अन्य का इलाज एक निजी क्लिनिक में करवाया गया। संतोष की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। घटना को लेकर रामसकल चौधरी ने बताया कि गांव में मूर्ति विसर्जन के दौरान अश्लील गाना बजाया जा रहा था। उनके द्वारा मना करने पर कुछ मनचले युवकों ने घर में घुसकर मारपीट किया और दुकान से जरूरी सामग्रियां ले भागे। मामले में तहरीर समर्पित कर कार्रवाई की मांग की हैं।

जगदीशपुर थाना क्षेत्र के गणपत टोला गांव के समीप की घटना

सड़क दुर्घटना में छत्तीसगढ़ की महिला डांसर की मौत, दो जख्मी

- प्रोग्राम के बाद बाइक से लौट रहे दो डांसर सहित तीनों आर्केस्ट्रा कर्मियों को ट्रक ने रौंदा
- इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान डांसर ने रास्ते में थोड़ा दम

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर में बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के गणपत टोला के पास बुधवार की अहले सुबह सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ निवासी एक महिला डांसर की मौत हो। हादसे में एक अन्य डांसर सहित दो आर्केस्ट्रा कर्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद दोनों को पटना रेफर कर दिया गया है। प्रोग्राम देने के बाद बाइक से लौट रही दो डांसरों सहित तीन आर्केस्ट्रा कर्मियों को एक बेलगाम ट्रक ने रौंद डाला था। मृत डांसर छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के देवढ़ी थाना क्षेत्र के बालू गांव निवासी कान्हा की 16 वर्षीया पुत्री नगमा थी। वह पिछले अक्टूबर माह में ही शाहपुर स्थित नैना आर्केस्ट्रा में डांस सीखने आयी थी।

घायलों में छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के देवढ़ी थाना क्षेत्र के खेरागढ़ गांव निवासी गोपी की 27 वर्षीया पुत्री रौशनी कुमारी और पीरो थाना क्षेत्र के मोथी गांव निवासी भगवान सिंह का 35 वर्षीय पुत्र देवनाथ सिंह है। इनमें रौशनी कुमार डांसर, जबकि देवनाथ सिंह आर्केस्ट्रा में पैड बजाने का काम करता है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वहीं हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला। जख्मी देवनाथ सिंह के पिता श्रीभगवान सिंह ने बताया कि उनके मोथी गांव में गोवर्धन पूजा को लेकर मंगलवार की रात नाच प्रोग्राम का आयोजन किया गया था। उसके लिए उनके बेटे देवनाथ सिंह ने शाहपुर स्थित नैना आर्केस्ट्रा की डांसर रौशनी कुमारी और नगमा को मंगलवार की शाम बाइक से अपने गांव लेकर आया था। प्रोग्राम खत्म होने के बाद बुधवार की अहले सुबह वह बाइक से दोनों को छोड़ने शाहपुर जा रहा था। उसी दौरान गणपत टोला के समीप बेलगाम ट्रक ने तीनों को रौंद दिया। उसमें तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद स्थानीय थाना द्वारा तीनों घायलों को इलाज के लिए जगदीशपुर के दुलौर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों द्वारा नगमा को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं देवनाथ सिंह और रौशनी कुमारी को प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया गया। बाद में पुलिस अस्पताल पहुंची और श?व का पोस्टमार्टम करवाया गया।

बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के देवढ़ी थाना क्षेत्र के बालू गांव निवासी कान्हा की पुत्री नगमा कुमारी डांस सीखने भोजपुर आयी थी। पिछले अक्टूबर माह से ही वह शाहपुर स्थित नैना आर्केस्ट्रा में डांस सीख रही थी। मंगलवार की रात वह प्रोग्राम देने मोथी गांव आ गयी थी। तभी तेज रफ्तार के कहर कई शिकार हो गयी। हादसे में आर्केस्ट्रा की एक अन्य डांसर और पैड वादक देवनाथ सिंह भी जख्मी हो गए हैं।

औरंगाबाद में तालाब में डूबने से किशोर की मौत, मचा कोहराम

औरंगाबाद। तालाब में डूबने से एक 12 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के उतरी उमंगा पंचायत के रतनुआ गांव की है। किशोर की पहचान उस गांव निवासी सुनिल राम के पुत्र शशिरंजन कुमार के रुप में की गई है। जानकारी के अनुसार किशोर बुधवार की दोपहर घर से अपने तीन अन्य साथियों के साथ गांव से करीब दो किलोमीटर दूर पीतांबरा के समीप एक तालाब में स्नान के लिए गया हुआ था। उक्त तालाब में चारों किशोर एक साथ स्नान के लिए छलांग लगाएं जिसमें किशोर मिट्टी में जा धसा और पानी के उपर नहीं निकल पाया। जबकि तीन अन्य बच्चे पानी से बाहर आ गए।

कुछ देर तक शशिरंजन पानी से बाहर नहीं निकला तो सभी बच्चे वहां से भाग गए और घटना की जानकारी परिजनों को नहीं दिया। किशोर के मौत का खुलासा तब हुआ जब तालाब के पास कुछ ग्रामीण गए तो देखा कि किशोर का शव पानी में उतराया है। सूचना पर पहुंचे परिजनों एवं स्थानीय लोगों की मदद से तालाब से किशोर को बाहर निकाला गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत किशोर को मृत घोषित कर दिया।

संदिग्धावस्था में बुजुर्ग महिला की हुई मौत,

औरंगाबाद। औरंगाबाद मदनपुर व आमस सीमा क्षेत्र में बुधवार को एक 60 वर्षीय महिला की संदिग्धावस्था में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। बुजुर्ग महिला आमस थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी रामस्वरूप यादव की पत्नी जमुनी देवी के रूप में की गई है। मृतका के परिजनों ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह बुधवार को भी वह पशु चारें के लिए खेत में गई हुई थी। शाम में कुछ महिलाएं खेत के तरफ गई तो देखा बुजुर्ग महिला खेत में गिरी पड़ी हुई है। इसके बाद परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



डीएम ने देवकुंड छठ घाटों व मंदिर किया निरीक्षण

केटी न्यूज/औरंगाबाद

जिलाधिकारी सुहर्ष भगत ने बुधवार को देवकुंड सूर्य मंदिर छठ घाटों का औचक निरीक्षण किया। उपस्थित अधिकारियों को घाट की साफ-सफाई, वैरिकेडिग ,प्रकाश की व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण करने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए। जिले का प्रसिद्ध ऐतिहासिक व धार्मिक देवकुंड स्थित सहस्त्रो धारा तालाब व मंदिर शिव मंदिर व छठ का निरीक्षण कर उन्होंने बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। दो दिन के अंदर सभी घाटों की सफाई करने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने कहा कि प्रखंड में जिन घाटों पर पानी अधिक है वहां पर बांस से बैरिकेडिग करने के लिए कहा गया। सभी घाटों पर लाइट की व्यवस्था करने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी या दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सभी सूर्य मंदिर छठ घाटों पर आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सभी छठ घाटों पर टीकाकरण की व्यवस्था भी की जाएगी। मौके पर एसडीओ मनोज कुमार गोह सीओ मुकेश कुमार,बीडीओ राजेश कुमार दिनकर,थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार के साथ कई लोग मौजूद थे।

दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति ने पत्नी को पीटा

औरंगाबाद। औरंगाबाद मदनपुर थाना क्षेत्र के सैलवां में बुधवार को एक दहेज लोभी पति ने दहेज की मांग पुरी न होने पर अपनी पत्नी को जम कर पिटाई कर दी जिससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई है। जख़्मी महिला ज्योति कुमारी घोड़ा डिहरी गांव निवासी विकेश कुमार के 28 वर्षीय पत्नी है। घटना के बाद जख्मी महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर लाया गया। जख्मी महिला के पिता राम प्रवेश सिंह ने बताया कि शादी के बाद से दामाद बेटी को दहेज में सिकड़ी और अन्य समान की मांग को लेकर हमेशा से प्रताड़ित और मारपीट करता था। इसी क्रम में दामाद ने पिटाई कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।

अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री का अभिनंदन समारोह आयोजित

सीएम ने बाबा साहेब के सपने को साकार करने का काम किया है: मंत्री

केटी न्यूज/जहानाबाद

जदयू जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में जहानाबाद के अब्दुलबारी नगर भवन में मंत्री रत्नेश सदा अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सत्येंद्र मांझी ने जबकि मंच का संचालन विश्वमोहन चौधरी ने किया। अभिनंदन समारोह को सम्बोधित करते हुए मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अंबेडकर जी सपने को साकार करने का काम किया है लोकतंत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पंचायती राज में एकल पद सहित सभी पदों पर आरक्षण दिया गया। अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण हेतु बजट 2022-23 में बढ़कर 1729 करोड़ हो गया है। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति उद्यमी योजना के द्वारा दस लाख रुपए युवाओं को उद्योग लगाने के लिए दिया जाता है। एस एसटी के छात्रावास में रहने वाले छात्र छात्राओं को प्रतिमाह 15 किलो मुफ्त अनाज एवं आवश्यकता हेतु एक हजार रूपए अनुदान दिया जा रहा है।

राज्य के सभी 40 पुलिस जिले में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए विशेष थानों की स्थापना की गई है। सतत जीवकोपार्जन योजना के तहत 60 हजार से लेकर एक लाख रुपए तक वित्तीय सहयोग दिया जा रहा है। इस मौके पर सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि नीतीश कुमार ने जब से सत्ता संभाला है तब से न्याय के साथ विकास का काम किया है। आज नीतीश कुमार की देन है विकास की रौशनी विकास से महरूम अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विकास मित्र एवं टोला सेवक तालीम मरकज को बहाल करने का काम किया है जिसे अनुसूचित जाति के सभी व्यक्ति को सरकार की योजना पहुंच सके ।

खबरें फटाफट

युवक ने मारपीट कर बाइक छीनने का लगाया आरोप

डुमरांव। कोरानसराय थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव के एक युवक ने एक नामजद व चार-पांच अज्ञात युवकों पर मारपीट कर बाइक छिनने का आरोप लगाया है। पीड़ित चंदन यादव ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वह रामनाथ के डेरा गांव के पास नहर मार्ग पर अपनी बाइक खड़ी कर खेती का काम कर रहे थे तभी डुमरांव थाना क्षेत्र के नंदन गांव निवासी हरेराम यादव के पुत्र छोटू यादव तथा उसके साथ चार-पांच अन्य युवक पहुंचे तथा अकारण मेरे साथ मारपीट शुरू कर दिए। मारपीट के दौरान छोटू ने उसके पॉकेट से बाइक की चाबी निकाल उसकी बाइक लेकर भाग गया। चंदन ने बताया है कि उसकी बाइक का नंबर बीआर 44 आर 6097 है। कोरानसराय थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़ित के आवेदन को दर्ज कर मामले की पड़ताल की जा रही है।

20 लीटर शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

चौगाईं। मुरार थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के मनपा मोड़ के पास से एक महिला तस्कर को 20 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया है। महिला तस्कर की पहचान चौगाईं अनुसूचित जाति बस्ती की रीमा देवी के रूप में हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार मुरार पुलिस को सूचना मिली थी कि एक महिला शराब की डिलेवरी लेकर इस रास्ते से जाने वाली है। इस सूचना पर पुलिस ने महिला पुलिस के जवानों के साथ उक्त जगह पर तस्कर को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। थोड़ी देर बाद ही उक्त महिला आते दिखाई दी। उसके पास एक गैलन में 20 लीटर देसी महुआ शराब था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि महिला तस्कर को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस की पैनी नजर लगी हुई है।

पुरूष प्रधान समाज में आधी आबादी के वर्चस्व का त्योहार है छठ

- इस महापर्व में वैदिक मंत्रोच्चार प पुरोहित की नहीं पड़ती खास जरूरत
- वातावरण में मिश्री घोलता है छठ का मधुर गीत

रजनी कांत दूबे/डुमरांव

पर्व त्योहारों के इस देश में अधिकतर पर्वों में पुरूषों की प्रधानता रहती है। पर्व त्योहार में कर्मकांड का भी अपना विशेष महत्व है। पुरोहित व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ही कई तरह के ताम झाम पर्व त्योहारों की विशेषता होती है। सभी पर्व त्योहारों में अधिकांश काम पुरूषों के जिम्में ही होता है। लेकिन लोक आस्था का महापर्व छठ इससे अलग है। यह इकलौता ऐसा त्योहार है जिसमें पुरूष समाज की अपेक्षा महिलाओं की भागीदारी अधिक रहती है। पूजा के विधानों के साथ ही इसके प्रचार प्रसार का जिम्मा भी महिलाओं का ही होता है। महिलाओं के कारण ही यह महापर्व बिहार की परिधि को लांघ, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुजरात सहित कई अन्य राज्यों के अलावे विदेशों तक मनाया जाने लगा है। जैसे जैसे इस महापर्व का दायरा बढ़ते जा रहा है वैसे वैसे महिलाओं की भागीदारी व इस पर्व में उनके आधिपत्य की धमक भी बढ़ रही है।

महिलाएं ही संपन्न कराती हैं पर्व के अधिकांश विधानः चार दिवसीय इस महापर्व के अधिकांश विधानों को महिलाएं ही पूरी करती है। नहाय खाय व खरना के साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास कर महिलाएं अपने सहन शक्ति, आस्था व लोकाचार का निर्वहन करती है। वही अन्य महिलाओं को भी इसके विधानों व महत्व को बता उन्हें प्रेरित करती है। महिलाओं के कारण ही बिहार का यह खास त्योहार आज लगभग आधे भारत वर्ष में मनाया जाने लगा है।

मधुर गीतों के लिए भी विख्यात है छठः कांच ही बांस के बहंगिया..., जैसे छठ के मधुर गीत सुनाई पड़ते ही मन मयूर नाच उठता है। इस पर्व के गीत काफी कर्णप्रिय होते है। यह भी दिलचस्प है कि अन्य त्योहारों की तरह इस पर्व में कर्मकांड व वैदिक मंत्रोच्चार की अधिकता नहीं होती है। बल्कि सूचिता व शुद्ध मन से किसी जलाशय के किनारे इसे आसानी से किया जा सकता है। सिर्फ अर्घ्य के समय ही पुरोहित की जरूरत पड़ती है। वही पुरोहित के अभाव में महिलाएं एक दूसरे को अर्घ्य भी दिला देती है। इस पर्व में कई ऐसे विधान भी है जो अन्य पर्व त्योहारों में देखने को नहीं मिलती है। मसलन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने तथा कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के शुरूआत से ही उन पदार्थों का सेवन नहीं करना जो छठ में प्रसाद स्वरूप चढ़ाया जाता है। इस त्योहार को खास बनाता है। वैदिक मंत्रोच्चार की कमी, पुरोहित की जरूरत नहीं पड़ने तथा पुरूषों के अपेक्षा महिलाओं की अधिक भागीदारी से इस त्योहार को पर्व त्योहारों का वाम मार्ग भी कहा जा सकता है।

17 से 20 नवंबर तक मनाया जाएगा छठः 17 नवंबर से नहाय खाय के साथ छठ की शुरूआत होगी। 18 को शाम में खीर पुड़ी का प्रसाद ग्रहण कर व्रती महिलाएं 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू करेंगी। 19 नवंबर की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को जबकि 20 को सुबह में उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पण करने के साथ यह चार दिवसीय महापर्व संपन्न होगा।

महापर्वः छठ व्रतियों का घर-आंगन अपनों से हुआ गुलजार

प्रसाद व आशीर्वाद के लिए परदेस में रहने वाले पहुंचने लगे अपने घर

केटी न्यूज/डुमरांव

सूर्योपासना का महापर्व छठ लोक आस्था व सामाजिक समरसता की कड़ी को जोड़ता है। घर-परिवार से दूर होकर परदेस में कमाने वाले परिजन भी इस महापर्व में घर आने लगे है। छठ मइया अपनों से दूर रहने वाले नाते-रिश्तेदारों से भी मिलाती हैं। अन्य प्रदेशों में रह कर कमाने वाले परिजनों के आने से छठ व्रतियों के घर-आंगन गुलजार हो गये हैं। इन दिनों छठ को लेकर ट्रेनों में भीड़-भाड़ बढ़ गई है। इस रूट से गुजरने वाले अधिकांश ट्रेनों में जनरल और स्लीपर कोच में फर्क मिट गया है। जैसे-तैसे यात्रा को पूरा कर लोग अपने घर पहुंचते है तो छठ पर्व का उल्लास में भीड़ जाते है। छठ महापर्व पर असम से पहुंचे रवि, कौशिक, सूरत से पहुंची नेहा, रामाशंकर ने बताया कि पिछले वर्ष छठ पर्व पर घर नही आने की कसक बनी थी। इस बार हम लोग बड़े-बुजुर्गों के साथ श्रद्धा-भक्ति से पर्व का आनंद उठायेंगे। पुणे से अपने घर पहुंचे अमन, सरोज, मनीष कहते हैं कि दो माह पूर्व ही छठ मइया के प्रसाद व आशीर्वाद के लिए घर आने के लिए छुट्टी की अर्जी डाली थी। छुट्टी मिलते ही घर के लिए रवाना हो गये।

बनने लगे घाट, तेज हुई छठ पर्व की तैयारी

केटी न्यूज/केसठ

दीपावली समाप्त होते ही लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारी में लोग जुट गए हैं। व्रती परिवार से लेकर आम ग्रामीण तक सभी लोग घर के आसपास की सफाई करने के साथ ही तालाबों के किनारे की सफाई तथा छठ घाटों के निर्माण में जुट गए हैं। ताकि छठ व्रतियों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही प्रखंड के विभिन्न चौक-चौराहों पर छठ पूजा में इस्तेमाल होने वाले वाली पूजा-सामग्री की दुकानें सजने लगी है। छठ पूजा शुरू होने में अब महज दो दिन रह गए हैं। यह पर्व स्वच्छता का प्रतीक है। सभी लोग घर की सफाई के साथ ही घर के आस-पास स्थानों को भी साफ करते हैं। इसके साथ ही छठ घाट तक जाने वाले रास्ते की भी सफाई करते हैं। इस बार आगामी 17 नवंबर को नहाय-खाय छठ पर्व शुरू हो रहा है। इसके साथ ही 18 को खरना, 19 नवंबर को संध्या और 20 नवंबर को उदीयमान सूर्य को अर्ध्य के साथ महापर्व समाप्त होगा।

भक्तिमय बना माहौल

महापर्व को ले घाटों की सफाई के साथ साथ घाट निर्माण की कवायदें भी शुरू हो गई है। छठ पूजा को महापर्व कहा जाता है। काफी कठिन व्रत माने जाने वाला छठ की तैयारी घरों में कई दिन पहले से ही शुरू हो जाती है। राज्य के दूसरे जगह पर रहने वाले श्रद्धालु भी छठ पूजा में अपने घर आने के लिए महीनों पूर्व ट्रेन के टिकट खरीद लेते हैं। इसके लिए लोग पूर्व से ही नदी, तालाब, नहरों आदि के समीप घाट निर्माण का काम शुरू कर देते हैं। उस जगह की सफाई करते हैं और उसे समतल बनाते हैं। घाट पर अपने बैठने की जगह को समतल बनाने के साथ ही उसे गोबर, मिट्टी से लीपकर सजाते हैं। ताकी छठ व्रतियों को किसी तरह की कोई दिक्कत ना हो। युवक अपने अपने घाटों को समतल कर उसपे अपना नाम भी लिख रहे है। जिससे पर्व के दिन उक्त घाट पर दूसरे के द्वारा कोई विवाद ना हो। बता दें कि प्रखंड परिसर स्थित तालाब में सैकड़ों की संख्या में लोग व्रत करते है। महापर्व के नजदीक आते ही माहौल भक्तिमय बन गया है।

टेक्सटाइल कॉलोनी से शिक्षक की बाइक चोरी, मामला दर्ज

डुमरांव। शहर के टेक्सटाइल कॉलोनी मोहल्ले से एक शिक्षक की बाइक चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। बाइक स्प्लेंडर प्लस जिसका नंबर यूपी 60 वी 4739 बतायी जाती है। इस मामले में पीड़ित टेक्सटाइल कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार सिंह ने अज्ञात चोरों के खिलाफ डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया है। डुमरांव में बाइक चोरी की घटना से हर कोई भयभित है। थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर बाइक की खोजबीन में जुट गयी है।

एक नजर

समाजसेवियों ने सैकड़ो जरूरतमंद परिवारों के बीच वितरित किया कलसूप व अंगवस्त्र

डुमरांव। समाज के कमजोर व जरूरतमंद लोगों की सहायता करना हर सामर्थ्यवान का कर्तव्य होता है। हमारा समाज सहयोग पर ही आधारित होता है तथा एक दूसरे के सहयोग से जीवन आसान बनता है। उक्त बातें भाजपा पंचायती राज मंच के प्रदेश संयोजक ओम प्रकाश भुवन ने बुधवार को स्थानीय नगर भवन में कही। वे समाजसेवी राजकुमार कुंवर द्वारा जरूरतमंद परिवारों को छठ पूजा के लिए कलसूप, पूजा सामग्री तथा अंग वस्त्र वितरण कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि आए थे। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में गरीब अमीर हर तबके के लोग है। पर्व त्योहार सबके लिए एक समान होता है। ऐसे में समरस समाज की स्थापना तथा देश व समाज को मजबूत बनाने के लिए हर सामर्थ्यवान व्यक्ति को अपने से छोटे तथा कमजोर की मदद करनी चाहिए। भुवन ने कहा कि हमारा थोड़ा सा प्रयास किसी के जीवन में खुशियां ला सकता है। इस दौरान अनुसूचित जाति बस्ती तथा अन्य जरूरतमंद करीब 300 लोगों के बीच अंग वस्त्र, कलसूप तथा पूजन सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन सिंह, प्रिंस दूबे, मोहनजी गुप्ता समेत दर्जनों अन्य लोग उपस्थित थे।

दुराचारी गोधन को कुट महिलाओं ने किया महाभारत कालीन परंपरा का निर्वहन

डुमरांव। बुधवार को भैयादूज व चित्रगुप्त पूजा का त्योहार परंपरागत उल्लास व भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। भैया दूज त्योहार में बहनों ने द्वापर कालीन दुराचारी गोधन के प्रतीक गोबर से बने गोधन को मुसल से कूट भाईयों की सलामती की कामना की। गोधन कूटने से पहले महिलाएं मांगलिक गीत गा रही थी। सुबह से ही इस त्योहार को ले महिलाओं का उत्साह चरम पर था। वही गोधन कूटने के बाद ही महिलाओं ने अन्न ग्रहण किया। इस मौके पर घरों में अमर पीठा और दालपुड़ी बनाया गया था। मान्यता है कि द्वापर काल में दुराचारी गोधन को भगवान कृष्ण ने महिलाओं को प्रेरित कर मूसल से उसकी कुटाई कराई थी। तभी से यह परंपरा मनाई जाती है।

बाइक टकराने को लेकर मारपीट, पीड़ित ने लगाया 50 हजार रु. लूटने का आरोप

केटी न्यूज/डुमरांव

नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पूर्वी रेलवे क्रासिंग के पास बुधवार को सुबह करीब 10 बजे दो बाइक आमने सामने टकरा गई। इसके बाद दोनों बाइक चालकों के बीच तू-तू, मै-मै होने लगी और नौबत मारपीट तक पहुंच गई। इस दौरान एक पक्ष के बाइक चालक के कुछ दोस्त भी आ गए तथा दूसरे बाइक चालक की जमकर पिटाई कर दिए। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उसे पिटता देख युवकों को ललकारा। जिसके बाद तीन की संख्या में आरोपी युवक अपनी बाइक छोड़ भाग खड़े हुए। इधर पीड़ित ने पुलिस को फोन कर उनलोगों पर 50 हजार रूपया लूटने का आरोप लगा दिया। लेकिन थोड़ी देर बाद तीनों युवक खुद नया भोजपुर ओपी पहुंचे तथा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वे लोग सिर्फ मारपीट किए है। रूपया लूटने की बात झूठी है। बहरहाल पुलिस पूरे दिन दोनों पक्षों को थाने में बैठा मामले की तफ्तीश कर रही थी। मिली जानकारी के अनुसार नया भोजपुर निवासी शेख अलीमुद्दीन डुमरांव स्टेशन के पास अपनी प्लाई की दुकान चलाता है। सुबह में वह अपनी दुकान से नया भोजपुर के पास प्लाई खरीदने जा रहा था। इसी दौरान क्रासिंग बंद होने के कारण पूर्वी क्रासिंग के पास जाम लग गया था। इसी जाम में दो बाइक की टक्कर हो गई। जिसके बाद यह विवाद हुआ। नया भोजपुर ओपी प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि मामला मारपीट का है।

सोनवर्षा में कपड़ा दुकान के गोदाम में लगी आग, लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख

केटी न्यूज/नावानगर

सोनवर्षा बाजार स्थित मोहन लाल एण्ड सन्स दुकान के गोदाम में आग लग गई। जिससे गोदाम में रखे लाखों रुपए की कपड़ा जलकर राख हो गया। गोदाम में आग कैसे लगी इसकी कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। अगलगी की घटना बुधवार सुबह की है। आग की लपटे उठता देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना दुकानदार को देते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिए। साथ ही इसकी जानकारी सोनवर्षा ओपी पुलिस को दिया। सूचना पर ओपी में तैनात अग्निशमन वाहन गोदाम तक पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुट गए। अग्निशमन वाहन एवं ग्रामीणों द्वारा लगभग दो घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि गोदाम में रखे सारे कपड़ा जलकर राख हो गया था। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि गोदाम में बैट्री, इनवर्टर, रेडिमेड कपड़ा, कंबल, ऊनी कपड़ा समेत लगभग 5 लाख रुपए की कपड़ा थी। जो जलकर राख हो गया है। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गोदाम में आगलगी की सूचना मिली है। पीड़ित दुकानदार द्वारा अभी तक आवेदन नहीं दिया गया है।

चार दिन पूर्व हुआ था उद्घाटनः सोनवर्षा के मोहन लाल एण्ड सन्स दुकान एवं गोदाम का उद्घाटन चार दिन पूर्व हुआ था। नए दुकान होने के कारण गोदाम में कपड़ा से भरा हुआ था। चूंकि सर्दी की सीजन शुरू हो गई है। ऐसे में दुकानदार ने सबसे अधिक रेडिमेड एवं ऊनी वस्त्र से गोदाम भरा हुआ था। दुकानदार को उम्मीद थी कि इस सर्दी के मौसम में अच्छी खासी आमदनी होगी। पर उद्घाटन के चार दिन गोदाम में आग लगने से सबकुछ स्वाहा हो गया। दुकानदार को लाखों रुपए की क्षति हो गई है।

दरिद्र भगाने के आग से घटना की आशंकाः अलगली की भेंट चढे.कपड़ा गोदाम के पीछे कचड़ा का ढेर लगा है। बुधवार को अहले सुबह महिलाओं द्वारा सूप एवं आदि पीटकर घरों से दरिद्र खेदने एवं उसे जलाकर तापने की परंपरा निभाने गोदाम आग लगने की आशंका पीड़ित दुकानदार एवं ग्रामीणों द्वारा लगाया जा रहा है।

डीएम-एसपी ने किया उदघाटन, चार करोड़ की लागत से हुआ है निर्माण

स्थापना के 37 वर्ष बाद वासुदेवा ओपी थाने को मिला अपना भवन

केटी न्यूज/नावानगर

बुधवार को डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से उदघाटना किया। इसके साथ ही स्थापना के करीब 37 वर्ष बाद इस ओपी को अपना भवन मिल गया है। नये थाना भवन का निर्माण चार करोड़ की लागत से किया गया है। जिसमें सभी उपयोगी सुविधाएं मौजूद है। बता दें कि अबतक यह ओपी थाना वासुदेवा फॉर्म स्थित बिजली कंपनी के एक जर्जर कमरे में चलता था। इसका निर्माण बिहार पुलिस भवन निर्माण के द्वारा चयनित एजेंसी के माध्यम से करवाया गया है। नए थाना भवन में

थानाध्यक्ष का कार्यालय, महिला व पुरुष हाजत, मालखाना, वायरलेस कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, कंप्यूटर कक्ष और बैठक सभागार समेत अन्य 30 कमरे की सुविधा उपलब्ध है। वही प्रकाश के लिए परिसर के अंदर हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था है। भवन के निर्माण के बाद सीसीटीएनएस के साथ साथ सीसीटीवी कैमरे की भी व्यवस्था है। वही नया भवन जी प्लस होगा। भवन 326 फिट लंबा और 200 फिट चौड़ा है। इस भवन के उदघाटन के बाद अब यहा काम करने वाले पुलिसकर्मियों को रहने तथा कार्यों के संपादन की सुविधा मिल गई है। इसके पहले जर्जर भवन में उन्हें हर मौसम की मार झेलनी पड़ती थी। उद्घाटन के मौके पर बासुदेवा ओपी प्रभारी चुनमुन कुमारी, नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय, सोनवर्षा ओपी प्रभारी सुनील कुमार, प्रखंड प्रमुख अंकित कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

गाजीपुर जिला जेल में बंद विचाराधीन बंदी ने की आत्महत्या, मचा हड़कंप

केटी न्यूज/गाजीपुर

भुड़कुड़ा कोतवाली अंतर्गत फातिमपुर गांव निवासी अमन (22) जिला जेल में बंद था। उस पर पॉस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। जिला जेल में बंद विचाराधीन बंदी ने बुधवार को आत्महत्या कर ली। कैदी ने जेल के अंदर पीपल के पेड़ पर चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या की। आखिर यह कैसे संभव हुआ घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक 21 अक्तूबर को जेल में बंद अमन परिसर के अंदर पेड़ पर चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

इसकी जानकारी होते ही जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। अधिकारी बाहर से सीढ़ी मंगाकर शव उतारे। उधर घटना की जानकारी होने पर परिवार के लोग बहरियाबाद थाने में पहुंच गए। ग्रामीण आक्रोशित होकर बहरियाबाद थाने में पुलिस पर आरोप लगाने लगे। बवाल को देखते हुए अन्य थानों की पुलिस बल को बुलाकर शांति व्यवस्था बनाए रखे। उपजिलाधिकारी सैदपुर के समझाने के बाद मामला शांत हुआ।

अमन के परिजनों ने जेल प्रशासन को मौत का जिम्मेदार ठहराया

गाजीपुर। भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के फातिमपुर निवासी खुरचुन राम के गाजीपुर जेल में बंद इकलौते पुत्र अमन के बुधवार की सुबह आत्महत्या किए जाने की सूचना मिलने पर स्वजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते स्वजन दर्जनों ग्रामीणों के साथ बहरियाबाद थाने पहुंचे और जेल प्रशासन को मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए लगभग तीन घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। उप जिलाधिकारी जखनियां को पत्रक देकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की। उप जिलाधिकारी कमलेश सिंह द्वारा मजिस्ट्रेटियल जांच के आश्वासन के बाद स्वजन धरना समाप्त कर लाश के पोस्टमार्टम के लिए गाजीपुर रवाना हो गए। मौके पर सीओ सैदपुर विजय आनंद शाही सहित अन्य थानों की पुलिस व पीएसी मौजूद रही। गौरतलब हो कि मृतक अमन कुमार बहरियाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के मामले मे पीड़िता के पिता की तहरीर पर बहरियाबाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर बीते 21 अक्टूबर को जेल भेज दिया था। मौत की सूचना के बाद थाने पर प्रदर्शन कर रहे मृतक के पिता खुरचुन राम व बहन पूजा ने आरोप लगाया कि जेल प्रशासन द्वारा मृतक अमन कुमार को प्रताड़ित किया जाता था। बीते आठ नवम्बर को मिलने जेल पहुंचे चचेरे भाई विजय कुमार से मृतक ने बताया कि हमसे कठिन श्रम कराया जाता है। जेलकर्मियों द्वारा इससे मुक्ति के लिए बैरक के लिए रुपये की मांग की जा रही है। जिस पर हम लोगों ने 10 अक्टूबर को चार हजार रुपये भेजवा दिया था। बहन पूजा ने बताया कि हम व अन्य दो बहनें सुनीता तथा संगीता बीते मंगलवार को भाई से मिलने जेल गई थी। भाई ने जब जमानत के बारे पूछा तो बतलाया गया कि अगले शनिवार 18 नवम्बर को तारीख है। वकील साहब ने कहा है कि पूरी उम्मीद है कि जमानत मिल जाएगी।

एक नजर

भाजपा कार्यकताओं ने बिरसा मुंडा के पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

चंदौली। भारतीय जनता पार्टी की बैठक बुधवार को मुख्यालय स्थित जिला कार्यालय में हुई। इसमें महान आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा की 98वीं जयंती मनाई गई। साथ ही सभी कार्यकताओं ने बिरसा मुंडा के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। कहा कि हम सभी को अपने पूर्वजों के स्मृतियों को याद करने की जरूरत है। साथ ही उनके द्वारा किए गए कार्यों पर चलकर ही समाज व देश का भला कर सकते हैं। इस दौरान नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र नाथ गोंड ने कहा कि आज बिरसा मुंडा के पद चिन्हों पर हम सभी को चलने की जरूरत है। उनके विचारों और उनके आंदोलन को याद हम सभी को अपने समाज के लोगों को बताना चाहिए। वै देशभक्ति से ओत प्रोत है।उनके किए गए योगदान को हम कभी भुला नहीं सकते हैं।इस दौरान जैनेंद्र राम,डॉ शंभू नाथ गोंड, रामदुलारे गोंड, कल्लू गोंड,विजय धुरिया, छबीले गोंड,भगवती खरवार,रामदुलारे गोंड, संजय गोंड, निधि गोंड, सपना गोंड उपस्थित रही। संचालन सुजीत जायसवाल ने किया।

भू-माफिया के आतंक से परेशान मंगल ने दी चेतावनी... सपरिवार कलेक्ट्रेट में करेंगे आत्मदाह

बलिया। भू-माफिया के आतंक से परेशान होकर कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे सहतवार नगर पंचायत के वार्ड नंबर छह निवासी मंगल प्रसाद ने बताया कि वे किसी भी भी दिन सपरिवार कलेक्ट्रेट परिसर में आत्मदाह कर लेंगे। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि भू माफिया द्वारा मंगल प्रसाद के मकान में घुसकर तोड़फोड़ किए जाने के विरोध में मंगल प्रसाद मंगलवार से ही कलेक्ट्रेट परिसर में सपरिवार के धरना शुरू कर दिए थे। मंगल प्रसाद का आरोप है कि भू-माफिया द्वारा उनके घर में घुसकर तोड़फोड़ की जा रही है। सहतवार थाने पर शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिससे भू-माफिया का हौसला बुलंद है और सरेआम कह रहा है कि जाओ जहां जाना है जाओ कोई मेरा कुछ नहीं कर सकता। इसी को लेकर मंगल प्रसाद मंगलवार से कलेक्ट्रेट में धरना शुरू किया था, लेकिन बुधवार तक कोई सुनवाई न होने के चलते मंगल प्रसाद ने अब चेतावनी दी कि वे किसी भी दिन कलेक्ट्रेट परिसर में आत्मदाह कर लेंगे।

खबरें फटाफट

ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

बलिया। रसड़ा-मऊ रेलखंड पर स्थित गढ़िया रेलवे क्रासिंग के पास बुधवार को साबरमती एक्सप्रेस से कटकर एक महिला की मौत हो गयी, जिसकी शिनाख्त चिंता देवी (55) पत्नी शिवजन्म राम निवासी मुहम्मदपुर कुसुम चेरूईया, थाना कासिमाबाद, गाजीपुर के रूप में हुई। बुधवार को दोपहर बाद अप साबरमती एक्सप्रेस के सामने चिंता देवी गढिया क्रासिंग के पास अचानक आ गयी, जिससे उसका सिर, धड़ से अलग हो गया और मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर आरपीएफ के साथ पहुंचे रसड़ा सीटी इंचार्ज बांक बहादुर सिंह ने लाश को कब्जे में जांच-पड़ताल की तो मृत महिला की शिनाख्त उसके आधार कार्ड से हुई।

बुजुर्ग और बाइक चालक घायल

चंदौली। धीना थाना क्षेत्र के इनायतपुर गांव के पास तेज गति से आ रही बाइक की चपेट में आने से बुजुर्ग सहित बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया।धानापुर थाना क्षेत्र के इकबालपुर गांव निवासी राम अवध यादव 68 वर्ष किसी कार्य से इनायतपुर आए थे। सड़क क्रॉस करते समय तेज बाइक के चपेट में आ कर छटपटाने लगे और बेहोश हो गए, गम्भीर रूप से घायल हो गए।

गौरव दिवस के रूप में मनी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

बिरसा मुंडा की गौरव गाथा युगों युगों तक प्रेरणा देती रहेगी: आचार्य

- शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में जनपद का नाम रोशन करने वाले अनुसूचित जनजाति के युवाओं को मेडल एवं अंगवत्रम देकर किया गया सम्मानित

केटी न्यूज/गाजीपुर

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आदिवासी लोकनायक बिरसा मुंडा की जयन्ती जनपद में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। मुख्य अतिथि लक्ष्मण आचार्य महामहिम राज्यपाल सिक्किम ने लंका मैदान में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया। स्वागत की इस घड़ी में स्कूली छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं कलाकारों द्वारा करमा नृत्य की प्रस्तुति मनमोहक रही।

इस दौरान उन्होंने जनपद के ऐसे अनुसूचित जनजाति के युवाओं को मेडल एवं अंगवत्रम देकर सम्मानित किया, जिन्होंने शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में स्थान प्राप्त कर अपने जनपद का नाम रोशन किया। मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल सिक्किम आचार्य लक्ष्मण ने अपना

संबोधन व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में भगवान बिरसा मुंडा की जयन्ती ह्यजनजातीय गौरव दिवस के रूप में पूरे देश में मनाई जा रही है।

भगवान बिरसा मुण्डा ने हमारे देश, अपनी संस्कृति, हमारे परम्पराओं, हमारे मूल्यों के लिए अपने प्राणों की आहूति देकर अपनी छोटी सी आयु में बड़ा कार्य किया था। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस, जनजातीय समुदाय के संस्कृति विरासत के संरक्षण, राष्ट्रीय गौरव, वीरता तथा भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं यहां इस जनपद में आया हूं, जनपद गाजीपुर संघर्षो एवं वीरों की धरती है तथा इस जनपद का बहुत ही गौरवशाली इतिहास रहा है। इस बलिदानी धरती ने देश के लिए बहुत कुछ दिया है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आदिवासी लोकनायक विरसा मुण्डा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिन, झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन है। भगवान बिरसा मुंडा के पिता का नाम सुगना पूर्ति और माता का नाम करमी पूर्ति था। कम उम्र में ही बिरसा मुंडा की अंग्रेजों के खिलाफ जंग छिड़ गई थी। जिसे उन्होंने मरते दम तक कायम रखा था। बिरसा मुंडा और उनके समर्थकों ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। जल, जंगल, जमीन और स्वत्व की रक्षा के लिए उन्होंने लंबा संघर्ष किया। आजादी के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले भगवान बिरसा मुण्डा ने उलगुलान क्रांति का आह्वान किया।

भगवान बिरसा मुंडा की गौरव गाथा युगों-युगों तक प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासकों के शोषण की भट्टी में आदिवासी समाज झुलस रहा था। बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को शोषण की यातना से मुक्ति दिलाने के लिए उन्हें तीन स्तरों पर संगठित करना आवश्यक समझा तथा उन्होंने अंग्रेजों द्वारा लागू की गई जमींदारी प्रथा और राजस्व व्यवस्था के साथ जंगल जमीन की लड़ाई छेड़ दी। यह एक विद्रोह ही नहीं था, बल्कि अस्मिता और संस्कृति को बचाने की लड़ाई भी थी। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ हथियार इसलिए उठाया, क्योंकि आदिवासी दोनों तरफ से पिस गए थे। एक तरफ, गरीबी थी तो दूसरी तरफ इंडियन फॉरेस्ट एक्ट 1882, जिसकी वजह से जंगल के दावेदार ही जंगल से बेदखल किए जा रहे थे। उन्होंने इसके लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक तौर पर विरोध शुरू किया और छापेमार लड़ाई की। एक अक्टूबर 1894 को बिरसा मुण्डा ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन किया। ब्रिटिश हुकूमत ने इसे खतरे का संकेत समझकर बिरसा मुंडा को गिरफ्तार करके 1895 में हजारीबाग केंद्रीय कारागार में दो साल के लिए डाल दिया। बिरसा मुंडा की गणना महान देशभक्तों में की जाती है।

जनजातीय गौरव दिवस का हुआ लाइव प्रसारण

बलिया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के निर्देश के क्रम में अपर जिला अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी की उपस्थिति में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर 'जनजाति भागीदारी उत्सव कार्यक्रम' में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और राज्य मंत्री समाज कल्याण असीम अरुण के उद्बोधन एवं प्रदेश के जनजातियों द्वारा किए गए कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण दिखाया गया। यहां पर अपर जिलाधिकारी एवं सिटी मजिस्ट्रेट ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और दीप प्रज्वलित किया। हर साल भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को 'जनजाति गौरव दिवस' के रूप में मनाई जाती है।

जनजाति का प्रमाण पत्र जारी करो का नारा किया बुलंद

बलिया। आदिवासी क्रांतिवीर धरती बाबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती कलेक्ट्रेट में मनाई गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भारत के राजपत्र संविधान अनूसूचित जनजाति आदेश संशोधन अधिनियम- 2002 का अनुपालन करो, गोंड खरवार को अनूसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र सुगमतापूर्वक जारी करो नारा बुलंद किया गया। जनजाति गोंड व खरवार समुदाय के लोगों ने एक स्वर में कहा कि जिले के आदिवासी जनजाति गोंड खरवार को जनजाति का प्रमाण पत्र जारी करने में परेशान किया जा रहा है।

दो पिकअप वाहन से 14 गोवंश बरामद, पांच तस्कर गिरफ्तार

केटी न्यूज/बलिया

चितबड़ागांव थाना पुलिस ने ग्राम वासुदेवा पुल के पास से बुधवार की तड़के सुबह दो पिकप वाहन में लदे 14 गोवंश को बरामद करने के साथ ही पांच गौ तस्करों को गिरफ्तार किया। गौ तस्करों के पास से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, 3 मोबाइल बरामद हुआ। गौ तस्करों पर आरोप है कि उनके द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग भी की गई है। गौ तस्करों में पुनेश राजभर पुत्र सरल राजभर निवासी पातेपुर थाना करीमुद्दीनपुर, राजू बिन्द पुत्र रामनारायण बिन्द निवासी कैथवली थाना नरहीं, निसार आलम पुत्र गफ्फूर आलम निवासी मानपुर थाना चितबड़ागांव, पिन्टू राजभर पुत्र प्रदीप राजभर निवासी पटसार थाना चितबड़ागांव व संतोष सिंह पुत्र फतेहबहादुर सिंह निवासी सुजायत थाना चितबड़ागांव है।

गाजीपुर, बलिया, मऊ जनपद के अंडर -14 वर्ग का ट्रायल संपन्न

गाजीपुर। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया कि गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से प्राप्त अनुमति तथा निर्धारित दिशा-निदेर्शों का पालन कराते हुए गाजीपुर मंडल के बलिया तथा गाजीपुर व मऊ जनपद के अंडर -14 खिलाडियों का ट्रायल मऊ के स्थानीय डॉ. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम तथा जनपद के स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जीडीसीए मैदान में कराया गया। ट्रायल के दौरान उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अधिकृत वरिष्ठ रणजी खिलाड़ी कमलकांत कनौजिया तथा सीमान्त सिंह ने ट्रायल के बाद खिलाडियों का चयन किया।

मऊ आरपीएफ ने दिखाई ईमानदारी गहनों का गिरा डब्बा यात्री को लौटाया

केटी न्यूज/मऊ

मऊ जंक्शन के रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने दिखाई दरिया दिली ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ पुलिस को गिरा हुआ मिला जेवरात से भरा डब्बा लगभग 3 लाख के जेवरात को वापस लौटा कर स्वामिनी की खुशियां लौटाई। आपको बता दें कि मऊ रेलवे स्टेशन पर बुधवार को 15104 वाराणसी छपरा इंटरसिटी के जाने के उपरान्त प्लेटफार्म नं. 01 के उत्तरी छोर से ड्यूटी पर तैनात उप नि0 ओम प्रकाश सिंह तथा हेड कांस्टेबल राम नगीना को एक प्लास्टिक के डिब्बे में रखा पीली धातु के जेवर जिसमें एक अदद लाकेट, एक अदद मंगलसूत्र, 03 अदद अंगूठी, एक जोडी कान का टप्स एक जोड़ी सुई धागा रखा

हुआ मिला। जिसको पूरी ईमानदारी के साथ आरपीएफ के दोनों सिपाहियों ने पोस्ट पर लाकर जमा किया । एक महिला यात्री स्वेता मिश्रा लगभग 2 घंटे के बाद रेलवे सुरक्षा बल के पोस्ट पर पहुंचकर अपने गहनों की जांच पड़ताल शुरू किया ।महिला यात्री के सारे सबूत दिखाने के बाद आरपीएफ पुलिस ने महिला के सारे जेवरों को वापस कर दिया। जहां महिला की खुशियां देखने लायक थी।

महापर्व पर बलुआ, टांडाकला, तीरगांवा व बड़गावा गंगा घाटों पर उमड़ती है भीड़

छठ पूजा के लिए युवाओं ने श्रमदान कर घाट का किया कायाकल्प

केटी न्यूज/चहनियां (चंदौली)

लोक आस्था के पर्व डाला छठ पर टांडाकला गंगा घाट पर भारी भीड़ उमड़ने की संभावना के बीच टांडाकला प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह सोनू के नेतृत्व में सफाई कर्मियों ने साफ सफाई किया वहीं जे सी बी मशीन लगाकर घाट को समतल कराया गया। इस दौरान सोनबरसा व टांडाकला के तमाम युवा श्रमदान किये। लोक आस्था के महापर्व पर चहनियां क्षेत्र के बलुआ, टांडाकला, तीरगांवा व बड़गावा गंगा घाटों पर हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ती है। व्रती महिलाओं व उनके साथ आने वाले सभी श्रद्धालुओं व ग्रामीणों की भारी भीड़ आने की संभावना के बीच उक्त घाटों पर समुचित रास्ता बनाने व घाट का समतलीकरण कार्य जोरों पर चल रहा है। बुधवार को टांडाकला प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह सोनू के नेतृत्व में जेसीबी मशीन लगाकर घाट समतल कराते हुए साफ सफाई करायी गयी। जिसमें गाँव के कई युवाओं ने श्रमदान किया। इस दौरान मुख्य रुप से सोनबरसा प्रधान आनंद, सफाई कर्मी सुभाष, राकेश के साथ रोहित विश्वकर्मा, त्रिलोकी गुप्ता, इंद्रराज गुप्ता, विजय प्रजापति, रोहित पाण्डेय सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

छठ घाट पर लगाई जाएगी सोलर लाइट

ताराजीवनपुर (चंदौली)। छठ पूजा का त्योहार अब नजदीक आ गया है। इसकी तैयारियों को पंख लग गए हैं। आलमपुर क्षेत्र स्थित तालाब पर धूमधाम से त्योहार मनाने के लिए बुधवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। तालाब के किनारे साफ सफाई के साथ साथ सीढ़ी निर्माण का कार्य कर लिया गया। सपा के अधिवक्ता सभा के प्रदेश महासचिव अमित यादव अपने समर्थकों के साथ तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे और घाट किनारे उजाला के लिए सोलर लाइट लगवाने का आश्वासन दिया। साफ सफाई ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्याम नारायण यादव के नेतृत्व में गांव के युवकों द्वारा किया जा रहा है। श्री यादव ने बताया कि गांव से घाट की ओर जाने वाले मार्ग की सफाई के बाद रास्ते को विद्युत झालरों से सजाने की योजना है। शाम और सुबह को व्रतियों को अर्घ्य देने के लिए दूध और आम श्रद्धालुओं पीने के लिए चाय का वितरण किया जाएगा। सफाई व्यवस्था में सोनू पांडेय,नगीना यादव, गंगाराम, विनोद कुमार, गणेश यादव शामिल रहे।

डाला छठ को लेकर प्रशासन भी तैयारियों को दे रहा अंतिम रूप : मऊः भगवान सूर्य देव की आराधना का महापर्व डाला छठ घाट पर साफ सफाई ,नदियों में गोताखोरों की तैनाती आदि की तैयारी को लेकर मुहम्मदाबाद नगर पंचायत अभी से पूरी तरह तैयार है ।घाटों की साफ सफाई सुरक्षा बेरी कटिंग प्रकाश घाट पर नौका आदि को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक गुप्ता डायमंड द्वारा तमसा नदी स्थित रामघाट पर पहुंचकर जानकारी प्राप्त की तथा नगर पंचायत के कर्मचारियों को भी यह सख्त निर्देश दिया कि बुधवार को प्रातः से घाटों की साफ सफाई सुनिश्चित कर दी जाए जिससे डाला छठ के मौके पर महिलाओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो जिसको लेकर नगर पंचायत के सफाई कर्मी पूरी तरह से तैयार हैं।